हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

11 सातवें दिन जिलेभर के 55 स्कूलों के 550 विद्यार्थियों...



12 किसानों की फसल की खुली बोली से खरीद होगी...



विस्तार में आसपास के आठ क्षेत्रों को शामिल करने का प्रस्ताव

महेंद्रगढ़ को नगर परिषद बनाने की दिशा में बढ़ा कदम, सर्वे पूरा कर सरकार को भेजा प्रस्ताव

विकास गोडवाल ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के विकास और विस्तार की दिशा में नगर पालिका प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। महेंद्रगढ़ नगर पालिका को नगर परिषद का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से आसपास के क्षेत्रों का सर्वे करवाकर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर सरकार के पास भेज दिया गया है। सरकार से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर महेंद्रगढ़ नगर पालिका का क्षेत्रफल बढ़ेगा और शहर के सुनियोजित विकास के नए रास्ते खुलेंगे। बता दें कि महेंद्रगढ़ को नगरपरिषद बनाने की मांग काफी समय से की जा रही थी। शहर की लगातार बढ़ती आबादी, आवासीय कॉलोनियों का विस्तार, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि तथा भविष्य की विकास संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। उम्मीद जताई जा रहीं है कि सरकार द्वारा आगामी कुछ महीनों में प्रस्ताव को मंजूरी दी जा सकती है। हालांकि अंतिम निर्णय राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं आवश्यक औपचारिकताओं के आधार पर लिया जाएगा।

- दर्जा मिलने पर शहर को मिलेगा अधिक बजट विकास कार्यों में आ सकेगी तेजी

इन आठ क्षेत्रों को नगर परिषद में शामिल करने का प्रस्ताव

नगर पालिका का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए सर्वे के आधार पर आसपास के आठ क्षेत्रों को प्रस्तावित सीमा में शामिल किया गया है, जिसमें गांव खायरा, पायगा, रिवासा, देवनगर, माजरा खुर्द, सलीमाबाद, जाटवास की लंगड़ावाली ढाणी व सिसोठ की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र के शामिल होने से महेंद्रगढ़ की शहरी सीमा का विस्तार होगा और आसपास विकसित हो रही आवासीय बस्तियों को भविष्य में बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का मार्ग प्रशस्त होगा।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका का मुख्यद्वार। फोटो : हरिभूमि

यह कहते हैं प्रधान



प्रधान रमेश सैनी ने कहा ने कहा कि शहर की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए नगर पालिका का विस्तार और नगरपरिषद का दर्जा मिलना भविष्य के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। राज्य सरकार महेंद्रगढ़ की बढ़ती आबादी और विकास संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

नगर परिषद बनने से विकास को मिलेगी नई गति

शहर को नगर परिषद का दर्जा मिलने से महेंद्रगढ़ शहर को कई महत्वपूर्ण लाभ मिलने की संभावना है। नगर परिषद बनने के बाद सरकार से अधिक बजट एवं संसाधन प्राप्त करने के अवसर बढ़ेंगे, जिससे शहर की बुनियादी सुविधाओं को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। नगरपालिका के विस्तारित क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण, पुरानी सड़कों का सुधार, बरसाती पानी की निकासी, नालियों का निर्माण, स्ट्रीट लाइटों का विस्तार, सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक पार्क, सामुदायिक भवन, आधुनिक शौचालय और अन्य नागरिक सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा सकेगी। इसके अतिरिक्त शहर और आसपास के क्षेत्रों में सुनियोजित विकास, बेहतर यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तथा भविष्य की बड़ी परियोजनाओं को लागू करने में भी सहायता मिलेगी। फिलहाल महेंद्रगढ़ को आधुनिक शहर बनाने के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं पर काम चल रहा हैं। वर्तमान में नगर पालिका प्रशासन द्वारा महेंद्रगढ़ को आधुनिक एवं विकसित शहर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर परिषद बनने से महेंद्रगढ़ के विकास को नई दिशा मिलेगी और आने वाले वर्षों में शहर की तस्वीर बदलने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता है।

खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। जल निकासी का निरीक्षण करते विधायक कंवर सिंह।

विधायक ने जलभराव वाले क्षेत्र का किया निरीक्षण

महेंद्रगढ़। शहर में वीरवार को हुई बारिश के बाद जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए विधायक कंवर सिंह यादव ने शुक्रवार सुबह शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा कर निरीक्षण किया। विधायक ने बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, राम विहार कॉलोनी और रिवासा फ्लाईओवर के नीचे जमा बारिश के पानी की स्थिति का जायजा लिया।
विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसके स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके की स्थिति का आकलन करें और जहां भी पानी निकासी में बाधा आ रही है उसे दूर करवाएं।

दो घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

नारनौल। सिटी एसडीओ मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि इंडस्ट्रीज पावर हाउस से चलने वाले सभी फीडर 31 अक्टूबर को सुबह 9 से 11 बजे तक बंद रहेंगे। इस दौरान पावर हाउस में आवश्यक मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। फीडर बंद रहने के कारण सिंघाना रोड, केशव नगर, मोती नगर, हीरा नगर, जमालपुर, श्याम कॉलोनी, सलामपुरा, दयानगर, निजामपुर रोड के आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

जिले में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और इन्हें फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध

एनसीआर का साइड इफेक्ट पटाखों पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई

डीसी ने की प्रदूषण मुक्त वातावरण में सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

महेंद्रगढ़ जिला को एनसीआर में शामिल किया गया है। इसका फायदा तो अभी तक जिला को पूरी तरह मिला नहीं है। हां, नुकसान जरूर हो रहा है। वाहनों की उम्र तय होने से मालिकों को जहां नुकसान हो रहा है। अब इसी एनसीआर की वजह से वायु प्रदूषण की स्थिति का हवाला देते हुए जिला प्रशासन ने जिले में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और इन्हें फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आदेश में पूरी तरह सख्ती

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंध के दायरे में हर तरह के पटाखे आएंगे। पटाखों का निर्माण, गोदामों में भंडारण, थोक या खुदरा बिक्री, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए ऑनलाइन डिलीवरी और उन्हें फोड़ने की गतिविधियों पर पूरी तरह रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि अक्तूबर से जनवरी के बीच एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर उच्चतम स्तर पर पहुंच जाता है। ऐसे में पटाखे फोड़ने से वातावरण में सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसे हानिकारक रसायनों के साथ धातु के कण और जहरीली गैसें घुल जाती हैं। इससे पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर बढ़ जाता है और हवा की गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित होती है।



एनसीआर में जुड़ने से फायदा व नुकसान

फायदा : एनसीआर में जोड़ने से महेंद्रगढ़ जिले को फायदे की बात करें तो सड़कें, सीवरेज, पानी की आपूर्ति के विकास के लिए विशेष फंड और कम ब्याज दर पर लोन मिलता है। बड़े हाइवे जैसे 152डी और रेलवे नेटवर्क के विकास में तेजी आती है। लॉजिस्टिक हब जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स को एनसीआर का हिस्सा होने के कारण प्राथमिकता और वैश्विक पहचान मिलती है। जमीन के दामों में बढ़ोतरी होती है, जिसका स्थानीय भू स्वामियों को लाभ होता है।
नुकसान : दिल्ली में प्रदूषण बढ़ते ही महेंद्रगढ़ में भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू हो जाता है। इसके कारण कंस्ट्रशन, क्रशर व उद्योगों पर पूरी तरह रोक लग जाती है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के सख्त नियमों के कारण कोयले से चलने वाली भट्टियों, कारखानों व नई औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी मिलने में भारी दिक्कत आती है। महेंद्रगढ़ दिल्ली से लगभग 150 किलोमीटर है। इस वजह से गुरुग्राम या फरीदाबाद की तरह यहां सीधा कॉपोरेट या आईडी कंपनियों का निवेश नहीं आ पाता लेकिन पाबंदियां पूरी झेलनी पड़ती है। एनसीआर के नियमों के तहत 10 साल पुराने डीजल व 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को चलाने पर पाबंदी रहती है। यहां किसानों को भी पुराने वाहन बदलने पड़ रहे है।

क्या है एनसीआर

भारत की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के जुड़े हुए शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र का एक समूह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) कहलाता है। इसका उद्देश्य दिल्ली पर बढ़ती आबादी और बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) के दबाव को कम करना तथा आसपास के क्षेत्रों का सुनियोजित विकास करना है। इसके लिए वर्ष 1985 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड का गठन किया गया था। एनसीआर में हरियाणा के 14 जिलों को जोड़ा गया है। इनमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूंह, रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, जींद और करनाल है। पड़ोसी राज्य राजस्थान के दो जिला अलवर और भरतपुर को भी शामिल किया गया है। जुलाई 2013 में एनसीआर में महेंद्रगढ़ सहित भिवानी को इसमें जोड़ा गया था। हालांकि हरियाणा सरकार ने कड़े नियमों से राहत देने और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए महेंद्रगढ़ सहित 5 जिलों को एनसीआर से बाहर करने का प्रस्ताव भी तैयार किया था, एनसीआर प्लानिंग बोर्ड द्वारा इन क्षेत्रों को पूरी रतह बाहर करने के प्रस्तावों को खारिज भी किया गया। क्योंकि राज्य सरकारें नियमों से राहत तो चाहती है, लेकिन विकास बजट का नुकसान भी नहीं उठाना चाहती।

यह प्रदूषित हवा आम लोगों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस तथा हृदय रोगियों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग और हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

क्या कहती हैं उपायुक्त

अपने आदेश में उपायुक्त अंजली अनुपमा ने बताया है कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निर्देशों के तहत यह फैसला लिया गया है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले में दिए गए आदेशों और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है, जिसका जिला प्रशासन सख्ती से पालन कराएगा। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे पर्यावरण को स्वच्छ रखने और जनस्वास्थ्य की रक्षा में प्रशासन का सहयोग करें और पटाखों का प्रयोग न कर सुरक्षित, प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने में योगदान दें।



निजामपुर। अवैध खनन से ग्रसित दौंखेरा पंचायत की जमीन। फोटो : हरिभूमि

संचालक पर लगाया जुर्माना

फोरेस्ट विभाग ने किया दौंखेरा माइंस का औचक निरीक्षण

- जेडी माइंस पर पंचायत और फोरेस्ट रकबे पर अवैध खनन की जांच करने में जुटा प्रशासन
- ग्रामीणों ने खनन रकबे की पैमाइश करके नुकसान भरपाई करने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

दौंखेरा पहाड़ पर खनन लीज विवादों में बनी हुई है। ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर माइंस में खनन रकबे की पैमाइश हो चुकी, जिसकी रिपोर्ट आनी है। दूसरी तरफ एसडीएम ने फोरेस्ट विभाग के रेंज अधिकारियों को पौधों के नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। जिसके अनुसार विभागीय टीम ने मौका निरीक्षण, जिसमें पौधे उखाड़ने की पुष्टि हुई है। विभाग ने माइंस संचालक का चालान करके जुर्माना वसूला है। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने अवैध खनन का आंकलन करके राजस्व वसूली की गुहार लगाई है।
पूर्व सरपंच लालचंद, कालू बटार, सरवण नंबरदार, महेश नंबरदार, महावीर, छीतरमल, रूड़मल व गिरधारीलाल ने बताया कि दौंखेरा में भूजल संकट की स्थिति बनी हुई, ऐसे में ग्रामीणों की आजीविका पशुपालन व्यवसाय पर निर्भर है। अधिकांश मवेशियों के चारे का प्रबंध पहाड़ से होता है, जहां दिनभर चरते हैं। पशुओं की निगरानी के लिए कई परिवारों ने पहाड़ की तलहटी पर मकान बना लिया, जिनके साथ में मंदिर व अन्य सार्वजनिक सुविधाएं स्थापित हैं। लेकिन 25 साल पहले विभाग ने पहाड़ के करीब साढ़े चार हेक्टेयर रकबा पत्थर खनन के लिए लीज पर छोड़ दिया। लीज अवधि 2021 में समाप्त हो गई थी, लेकिन संचालक ने 2025 तक खनन किया है। इस दौरान उन्होंने पंचायत और फोरेस्ट विभाग की लैंड पर भी पत्थर निकाल लिया।

कनीना में 51 एमएम बारिश से बदला मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

- सरसों की अगेती फसल को मिली संजीवनी, सड़कों की हालत बिगड़ी ठंड ने दी दस्तक

कनीना क्षेत्र में वीरवार रात झमाझम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग और स्थानीय आंकड़ों के अनुसार रात भर में कुल 51 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस बेमौसम बरसात ने जहां एक ओर मौसम में ठंडक महसूस करा दी है, वहीं किसानों के चेहरे पर भी रौनक ला दी है।
हालांकि, जलभराव के चलते सड़कों की खस्ताहाली ने राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह-शाम ठंडी हवाएं चलने से क्षेत्र में अचानक ठंड का असर बढ़ गया है। तापमान लुढ़कते ही लोगों की दिनचर्या में बदलाव आ गया है और घरों से गर्म कपड़े, जैकेट व शॉल निकलने का रुझान तेजी से बढ़ गया है। कृषि विशेषज्ञों और स्थानीय किसानों के अनुसार यह बारिश रबी फसलों के लिए अमृत साबित हुई है। सरसों की अगेती फसल को फायदा हुआ है वहीं गेहूं की बिजाई के लिए पलेवा कर रहे किसानों को भी राहत मिली है।
जमीन में पर्याप्त नमी आने से अब गेहूं की बिजाई का काम गति पकड़ेगा। एक तरफ जहां बारिश राहत लेकर आइ है वहीं कनीना-महेंद्रगढ़ मुख्य सड़क की हालत बेहद खस्ता हो गई है। बारिश के पानी के कारण सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन गए है। जो रात के अंधेरे के दौरान हादसों को सीधा न्योता दे रहे हैं। वाहन चालकों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से किसी बड़े हादसे से पहले इन गड्ढों को रिमूव करने की मांग की है।

सरकार किसान का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्धः कृषि मंत्री

- मंत्री श्याम सिंह राणा ने सतनाली व महेंद्रगढ़ अनाज मंडी का दौरा कर बाजरे की खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को सतनाली व महेंद्रगढ़ अनाज मंडी का दौरा कर बाजरे की खरीद प्रक्रिया और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में पहुंची बाजरे की फसल की गुणवत्ता जांची और संबंधित अधिकारियों से फसल की आवक, खरीद प्रक्रिया तथा मंडी में की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत से जानकारी ली। मार्केट कमेटी चेयरमैन ने सतनाली अनाज मंडी में शेड व चारदीवारी बनवाने की मांग की। इस दौरान विधायक कंवर सिंह यादव व एसडीएम योगेश सैनी भी मौजूद रहे।
कृषि मंत्री ने मंडी में अपनी फसल लेकर पहुंचे किसानों से सीधा संवाद किया और उनसे खरीद प्रक्रिया के संबंध में फीडबैक लिया। किसानों ने उनके समक्ष फसल खरीद से जुड़े अपने विचार रखे। कृषि मंत्री ने किसानों से फसल संबंधी जानकारी लेते हुए मंडी में खरीद व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खरीद प्रक्रिया निरंतर जारी है। सरकार किसान का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है।



महेंद्रगढ़। मंडी में मौजूद कृषि मंत्री। फोटो : हरिभूमि

देशभर में हरियाणा एकमात्र राज्य है, जहां भावांतर भरपाई के तहत सीधे किसानों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और फसल खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया जाए।

ये रहे मौजूद

मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ शेखावत, मार्केटिंग बोर्ड कार्यकारी अभियंता शुभम अग्रवाल, मार्केटिंग बोर्ड एसडीओ प्रवेश, मार्केट कमेटी सेक्रेटरी नरेंद्र कुमार, मंडी सुपरवाइजर मनोज कुमार यादव, मार्केट कमेटी सदस्य राजू गुप्ता, मनीष गर्ग, शक्ति सिंह शेखावत, रवि कुमार शेखावत सहित अनेक नागरिक व किसान मौजूद रहे।

खरीद प्रक्रिया पूरी होते ही किसानों के खाते में डाला जाएगा भावांतर का पैसा

कनीना। कनीना अनाज मंडी में पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों व व्यापारियों से कहा कि जैसे ही बाजरे की खरीद प्रक्रिया पूरी होगी भावांतर का पैसा किसानों के खाते में एक साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा डाल दिया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय व्यापारियों एवं किसानों ने कृषि मंत्री का पगड़ी पहना कर व गुलदस्ता देखकर सम्मान किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को स्थानीय व्यापारियों ने मंडी को लेकर मांग पत्र सौंपा। किसानों एवं मंडी मजदूरों के लिए रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराने हेतु 'अटल कैंटीन' तुरंत चालू की जाए। मंडी में आवक अधिक होने से खुले में अनाज भीग जाता है। मुख्य प्रशासक पंचकूला के पत्र द्वारा मंजूरशुदा टीन शेड का निर्माण शीघ्र शुरू करवाया जाए। कृषि मंत्री ने किसानों की समस्याएं सुनीं और बाजरे की सुचारू खरीद का आश्वासन दिया। इस मौके पर महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जेपी कोटिया, वाइस चेयरमैन दीपक गुप्ता, व्यापार मंडल प्रधान पूर्ण सहरावत, मार्केट कमेटी सचिव अजीत सिंह, मंडी सुपरवाइजर कुलदीप, सिटी एसएचओ पंकज, खाद्य एवं आपूर्ति उप-निरीक्षक संदीप कुमार, पशु चिकित्सक पवन कांगड़ा आदि मौजूद थे।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ विषय पर मंत्री रणवीर गंगवा ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

कांग्रेस राज में 10 व भाजपा राज में 2 बार एसआईआर विरोध में रोहतक में 1 तारीख को निकालेंगे पद यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों को लगातार मजबूती मिली है, जबकि कांग्रेस चुनावी हार के बाद दुष्प्रचार कर जनता को भ्रमित करने में लगी है। रणवीर सिंह गंगवा शुक्रवार को रेस्ट हाउस में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ विषय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लेकिन राहुल गांधी विदेश में जाकर इसकी गरिमा गिराने का काम कर रहे हैं। जब भी देश पर बात आई, विपक्षी दल एकजुट रहे, लेकिन ये देश की छवि खराब कर रहे हैं।

- चुनावी हार के बाद संस्थाओं पर सवाल लोकतंत्र की मजबूती नहीं : रणवीर गंगवा



नारनौल। प्रेसवार्ता करते मंत्री रणवीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस राज में लोकतंत्र को दबाया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में 10 बार एसआईआर हुई है और भाजपा के समय में दो बार एसआईआर हुई है। कांग्रेस राज में लोकतंत्र को दबाया गया। अब सत्ता हाथ से चली गई है तो दोबारा सत्ता में आने के लिए एसआईआर का विरोध करने का प्रयास कर रहे है। हम इस विरोध में रोहतक में एक नवंबर को पद यात्रा निकालेंगे। इस यात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश के मुख्य मंत्री नायब सिह सैनी सहित अनेक नेता इसमें हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक छटपटाहट इतनी है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक प्रधानमंत्री के पिता जी के बारे में अनर्गल बोल रहे हैं।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ यतेंद्र राव ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ओम प्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, पूर्व विधायक अटेली सीताराम यादव, नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद भारद्वाज व विजय सांगवान, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिपाल यादव, जिला महामंत्री किशनलाल बोहरा व योगेश शास्त्री, जिला मंत्री मनीष संघी, नॉमिनेट पार्षद संजय अमन, नारनौल मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे, जेपी सैनी, सुरेश यादव, नरेंद्र झिमारिया, सरोज बाला व मनोज यादव, विकास अग्रवाल के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



राघव की इकाई का बीटीएस वीडियो हुआ वायरल

नई दिल्ली। विकास बहल की आगामी फिल्म 'इकाई' की शूटिंग का एक बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें राघव जुयाल और फिल्म से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहीं कोमल पावस्कर नजर आ रहे हैं। यह वीडियो फिल्म की शूटिंग की एक झलक पेश करता है।'किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अभिनय से पहचान बनाने वाले राघव जुयाल लगातार अलग-अलग तरह के किरदारों के साथ प्रयोग कर रहे हैं। अब वह इस आगामी प्रोजेक्ट में कोमल पावस्कर के साथ एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में नजर आएंगे। लीक हुए बीटीएस वीडियो में राघव और कोमल को एक पारंपरिक बाजार जैसे माहौल में सीढ़ियों पर बैठे देखा जा सकता है।

लाइफ Style

श्रीनिधि सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ की मशहूर अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने साल 2018 में कन्नड़ फिल्म केजीएफ: चैप्टर 1 से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद वह घर-घर में पहचानी जाने लगीं। केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि शेट्टी ने हिट: द थर्ड केस, कोबरा और तेलुसु कडा जैसी फिल्मों में काम किया।

8 साल के कॅरियर में उनकी चुनिंदा फिल्में आईं। ऐसे कयास लगाए जाते हैं कि केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि ने अपनी फीस 7 से 8 करोड़ रुपए प्रति फिल्म कर दी थी। अब खुद श्रीनिधि शेट्टी ने इन अफवाहों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा कि पैसा उनके लिए मायने नहीं रखता है। केजीएफ फिल्मों (चैप्टर 1 और चैप्टर 2) की सफलता के बाद कहा जा रहा है कि मैं 7 से 8 करोड़ रुपए मांग रही हूं। मैंने अब तक कुछ ही फिल्मों में काम किया है। ऐसे में मैं इतनी बड़ी रकम कैसे मांग सकती हूं? इसलिए, यह सिर्फ एक अफवाह है। अगर पैसा कमाना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य होता तो मैं पिछले कुछ सालों में 30 से 40 फिल्मों में काम कर सकती थी, लेकिन मैं सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती। मैं अच्छी कहानियों और बेहतरीन किरदारों को प्राथमिकता देती हूं। श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47 - एके47' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। फिल्म में श्रीनिधि के अलावा लीड रोल में वेंकटेश हैं। वहीं, नारा रोहित, निवेथा पेथुराज और युविना पार्थवी सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



हॉलीवुड मसाला

'लव इन वेन' में मिला लीड रोल



लॉस एंजिल्स। फैंस के 'आइरन मैन' और हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर के तो हम सभी दीवाने हैं। हर सिनेमा दर्शक को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन, इस बीच एक बड़ी खबर ये है कि उनके 33 साल के बेटे इंडियो फाल्कनर डाउनी भी जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इंडियो को बतौर लीड हीरो उनकी पहली फीचर फिल्म 'लव इन वीन' में काम मिला है। विल डी लॉस सैंटोस के निर्देशन में बनने वाली यह इंडिपेंडेंट फिल्म राइटर रयान लियोन के नॉवल 'वेस्टिंग टैलेंट' पर बेस्ड है।



ऑस्कर की रेस में भारतीय फिल्म का देंगी साथ

लॉस एंजिल्स। फिल्ममेकर प्रणव भसीन की फिल्म 'वी वर हीअर' को अब ऑस्कर की दौड़ के लिए तैयार किया जा रहा है। उनकी मदद के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाथ आगे बढ़ाया है। प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर भारतीय सिनेमा को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाती नजर आ रही हैं। प्रणव भसीन के निर्देशन और लेखन में बनी शॉर्ट फिल्म 'वी वर हीअर' को अब तक 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। फिल्म से जुड़ने को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक प्रेस नोट में कहा, 'यह फिल्म एक ऐसे विषय को नए और मजेदार अंदाज में पेश करती है, जो आज के समय में काफी प्रासंगिक है।



35 हजार फीट ऊंचाई पर तोड़ा व्रत

नई दिल्ली। परिणीति चोपड़ा ने भी पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था। जहां तमाम फिल्म स्टार्स की पत्नियों और एक्ट्रेसेस ने एकसाथ मिलकर इसे सेलिब्रेट किया वहीं एक्ट्रेस ने इसे अलग अंदाज में मनाया है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट कर बताया कि एक्ट्रेस ने अपना व्रत 35 हजार फीट ऊपर पहुंचकर आसमान में तोड़ा। इसी के साथ परिणीति की इन झलकियों नें उनकी बहन प्रियंका चोपड़ा के उस किस्से को ताजा कर दिया है जब चांद न निकलने पर करवाचौथ का व्रत तोड़ने के लिए निक प्रियंका को लेकर प्राइवेट प्लेन से बादलों के पार पहुंच गए थे। परिणीति चोपड़ा ने आज 30 अक्टूबर को इंस्टाग्राम पर ये मजेदार वीडियो शेयर किया है। इन झलकियों में कपल एक एयरक्राफ्ट केबिन के अंदर नजर आ रहे हैं।



ओम चैप्टर 1 में आईपीएस ऑफिसर बनीं साई

मुंबई। अगले महीने 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली 'रामायणम' में सीता का किरदार निभाने के बाद, साई पल्लवी अब 'ओमः चैप्टर 1 – उधिरमः द ब्लड वुड' में एक बिल्कुल अलग रोल में नजर आएंगी। इस आने वाली एक्शन थ्रिलर के मेकर्स ने उनके किरदार, नित्या रेड्डी, से पर्दा उठाया है। फिल्म में वह एक सीबीआई ऑफिसर की भूमिका में हैं, जिन्हें लाल चंदन की अवैध तस्करी की जांच करने का काम सौंपा गया है। फिल्म की पहली झलक में उनके किरदार के अतीत और उस निजी नुकसान की झलक मिलती है, जो उन्हें इस जांच के लिए प्रेरित करता है। इसी वजह से वह धनुष और ममूटी के किरदारों के संपर्क में आती हैं। प्रमोशनल वीडियो में नित्या को 'ईमानदारी, समझदारी और युवा जोश के साथ अनुभव' का एक बेहतरीन मिश्रण बताया गया है।

टीवी मसाला

'फैमिली फुल हाउस' में पहुंचे राजपाल, कॉमेडी से सबको हंसाया



नई दिल्ली। रोहित शर्मा इन दिनों 'फैमिली फुल हाउस' के चलते चर्चा में हैं। क्रिकेटर और होस्ट रोहित शर्मा के शो में हाल ही में राजपाल यादव पहुंचे थे जहां उन्होंने बताया कि कैसे राजपाल यादव की फिल्मों ने उन्हें मैदान पर मुश्किल दिनों से उबरने में मदद की। रोहित शर्मा ने अपनी कुछ पुरानी यादों को शेयर करते हुए कहा, 'जब मैं खेलता हूं, आउट हो जाता हूं या हम मैच हार जाते हैं, तो होटल जाकर मैं काफी दुखी होता हूं। ऐसे में मैं आपकी फिल्में देखता हूं। फिल्म देखने के बाद, जब मैं सुबह उठता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे कल कुछ हुआ ही नहीं। जैसे मैं जल्दी आउट हुआ ही नहीं।' रोहित शर्मा ने इस बात का सबूत भी दिया कि उन्हें राजपाल यादव की कॉमेडी कितनी पसंद है। उन्होंने अभिनेता से पूछा, 'क्या आप सबूत देखना चाहेंगे?' इसके बाद 2016 का एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें रोहित ने एक ऐप का इस्तेमाल करके राजपाल यादव के डायलॉग्स वाले वीडियो बनाए थे।

यंग और स्काउट की दोस्ती में दरार

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का दर्शकों के बीच अच्छा खासा बज देखने को मिल रहा है। जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच इक्वेशन भी बदलते नजर आ रहे हैं। अब हाल ही में घर में कैप्टेंसी टास्क के दौरान जमकर हंगामा देखने को मिला। टास्क के बीच यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हो गई, जिसके बाद घर का माहौल गरमा गया। इस झगड़े ने उस वक्त और तूल पकड़ लिया, जब स्काउट ने दोनों के बीच हुए विवाद पर अपनी राय रखी। हालांकि, स्काउट की बात यंग को बिल्कुल पसंद नहीं आई और देखते ही देखते दोनों के बीच भी बहस शुरू हो गई। दरअसल, जब यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हुई, उस वक्त स्काउट वहां मौजूद नहीं था। वह वॉशरूम गया हुआ था। वापस लौटने के बाद जब उसे पूरे मामले की जानकारी मिली तो उसने गुल्लू से कहा कि लड़ाई मुंह से करनी चाहिए, हाथ-पैर से नहीं।



नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी, विठाबाई बन छाईं श्रद्धा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में श्रद्धा कपूर एक बिल्कुल अलग और दमदार अवतार में नजर आ रही हैं। यह फिल्म 4 दिसंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'स्त्री' के जरिए दर्शकों को डराने और एंटरटेन करने वाली श्रद्धा इस बार महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने जा रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में लोककला, संघर्ष, जुनून और एक कलाकार की जिंदगी के कई रंग देखने को मिलते हैं। 3 मिनट 2 सैकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक जबरदस्त डॉयलॉग के साथ होती है, जिसमें सुनने को मिलता है कि तुम्हीं ने कहा था ना कि देखते हैं क्या टूटता है? मेरा भरोसा या मेरा घमंड, मेरा भरोसा ही मेरा घमंड था रे, जब वो टूट गया ना सब टूट गया। इसके बाद ट्रेलर में विठाबाई की जिंदगी के संघर्ष को दिखाया गया है।



प्रोफेसर चार्ल्स बनकर दिमाग पर छाए, आखिरी बार 'एवेंजर्स-डूम्सडे में नजर आएंगे पैट्रिक

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज कलाकार पैट्रिक स्टीवर्ट का बुधवार को 86 साल की उम्र में निधन हो गया। अभिनेता ने एक्स-मेन सीरीज में अपने किरदार प्रोफेसर चार्लस जेवियर से दर्शकों का दिल जीता है। उन्होंने एक्स-मेन' फिल्मों में प्रोफेसर एक्स के अलावा कई दूसरे प्रोजेक्ट में यादगार किरदार निभाए हैं। यहां उनके कुछ किरदारों का जिक्र है। पैट्रिक स्टीवर्ट की आखिरी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' होगी, जो 17 दिसंबर को भारत में रिलीज होने वाली है।

नोबलमैन : मिस्टर स्टीवर्ट अपने देश ब्रिटेन में मंच (स्टेज) के एक मशहूर अभिनेता थे। उन्होंने 1966 में रॉयल शेक्सपियर कंपनी के साथ काम करना शुरू किया। उनके सबसे चर्चित किरदारों में 'मैकबेथ' में मुख्य किरदार यानी परेशान कुलीन व्यक्ति (नोबलमैन) शामिल है। मिस्टर स्टीवर्ट ने इस किरदार



के बारे में कहा था, 'मैंने पूरे 365 दिनों तक मैकबेथ का किरदार निभाया। यह किरदार मेरे अंदर इतनी गहराई तक उतर गया था कि उस समय इसने मेरी पूरी जिंदगी पर कब्जा कर लिया था'

प्रोफेसर एक्स : मिस्टर स्टीवर्ट ने कई 'एक्स-मेन' फिल्मों में चार्ल्स जेवियर, यानी प्रोफेसर एक्स का किरदार निभाया। इसमें वह व्हीलचेयर पर बैठे एक अमीर टेलीपैथ (जो दिमाग से दूसरों से जुड़ सकता है) के रूप में नजर आए। उनका यह किरदार काफी मशहूर हुआ।

प्रोफेसर एक्सः हाल ही में मिस्टर स्टीवर्ट ने 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में फिर से यही किरदार निभाया है, जो दिसंबर में रिलीज होने वाली है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि 'मुझे अभी भी दिलचस्प ऑफर मिलते रहते हैं और मुझे नए काम की चुनौतियों का सामना करना अच्छा लगता है। मैं कभी भी आधिकारिक तौर पर रिटायर होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। मैं हमेशा और हमेशा के लिए एक एक्टर ही रहूंगा।'

कैप्टन पिकार्ड : कैप्टन पिकार्ड 20वीं सदी के टेलीविजन के सबसे मशहूर किरदारों में से एक हैं। मिस्टर स्टीवर्ट ने 'स्टार ट्रेकः द नेक्स्ट जेनरेशन' में इस किरदार को बहुत ही शांत और गंभीर अंदाज में निभाया।

पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी

सिनेमा की तकदीर बदलेगा 'सनातन' का नया फॉर्मूला

मुंबई। पौराणिक कहानियों पर आधारित फिल्मों को बड़े बजट में बनाने के जोखिम पर ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन कहते हैं कि हर तरह की फिल्म में जोखिम होता है। फिल्म अच्छी बनेगी तो कमाई होगी और अच्छी नहीं बनी तो नुकसान उठाना पड़ेगा। निर्माता भी समझ रहे हैं कि दर्शक बॉलीवुड के पुराने फार्मूले से ऊब रहे हैं।ऐसे में उन्हें पौराणिक कहानियों के रूप में एक नया फार्मूला नजर आ रहा है। हर कोई जल्द से जल्द इस तरह की फिल्म बनाने और अपनी घोषणा को बड़ा दिखाने में जुटा है। वहीं, ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श का मानना है कि पौराणिक फिल्मों पर बड़ा दांव लगाने के पीछे वैश्विक बाजार में भारतीय सिनेमा की बढ़ती पहुंच एक अहम वजह है।

हाल के वर्षों में मूल रुप से कन्नड़ में बनी ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म कांतारा की सफलता ने साबित किया कि स्थानीय लोककथाओं, परंपराओं और आस्था से जुड़ी कहानियां भी देशभर के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं। अब रामायणम , वाराणसी, जय हनुमान , नाम ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव और महावतार जैसी बड़े बजट की फिल्मों के जरिए मेकर्स पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी में हैं।



कमाई के खुल रहे हैं नए रास्ते

वह कहते हैं, 'कोई निर्माता बड़े पैमाने पर फिल्म बनाना चाहता है, तो उसे रोका नहीं जा सकता। भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए बड़े स्तर पर सोचने और कोशिश करने की जरूरत है। फिल्म का बजट कितना होगा, यह उसकी कहानी की मांग पर निर्भर करता है।

रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे?

पौराणिक फिल्मों का यह दौर भारतीय सिनेमा के विस्तार के लिहाज से अच्छी बात है। जब तक हम एक रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे? रामायणम से शुरुआत हो रही हो, उसके बाद कई और फिल्में आएंगी और ये बहुत अच्छी निशानी है क्योंकि हमें कहीं न कहीं ग्रो होना चाहिए। एक दायरे में रहकर हम अपनी सोच बड़ा नहीं करते हैं। 'फिल्मों के बढ़ते बजट पर पूर्ण पुरुषोत्तम कृष्णावतारम : पार्ट 1 द हार्ट (हृदयम) फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर कहते हैं- सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि फिल्में इतनी महंगी क्यों दिखाई देती हैं

4000 करोड़ की रामायण

नए कलाकारों के साथ इस तरह के विषय को कम बजट में बनाया जा सकता है, और तब फिल्म के सफल होने की उम्मीद और उसकी विश्वसनीयता, दोनों कहीं ज्यादा होती हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक की मदद से अब फिल्म निर्माण की लागत को अधिक कुशलता से नियंत्रित करना भी संभव हुआ है। दो पार्ट में बन रही रामायणम का चार हजार करोड़ रुपये का बजट काफी चर्चा में रहा है। हालांकि फिल्म के निर्माता और अभिनेता यश ने स्पष्ट किया कि यह एक गलतफहमी है। चार हजार करोड़ रुपए का बजट दोनों फिल्मों का संयुक्त बजट है। इसमें फिल्म की रिलीज और प्रमोशन का खर्च भी शामिल है। हॉलीवुड में भी इसी तरह बजट की गणना की जाती है। निर्माता नमित मल्होत्रा ने सभी खर्चों को जोड़कर यह आंकड़ा बताया है। वहां फिल्म के निर्माण पर खर्च होने वाली रकम के बराबर, और कभी-कभी उससे भी ज्यादा पैसा प्रमोशन पर खर्च किया जाता है, क्योंकि फिल्म को वैश्विक स्तर पर रिलीज किया जाना होता है, लेकिन उससे होने वाली कमाई भी वैश्विक होती है। हालांकि बड़ा बजट होने पर दर्शकों की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती है।

खबर संक्षेप



मिट्टी व पानी का संरक्षण करने का किया आह्वान

मंडी अटेली। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से चलाए जा रहे खेत बचाओ अभियान के तहत शुक्रवार को अटेली क्षेत्र के गांव रामपुरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के बंटी शर्मा ने किसानों को मिट्टी और पानी का संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दलहनी फसलों की खेती को बढ़ावा देने से भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है।



ढाढोत में 92 विद्यार्थियों की आंखों को जांचा

महेंद्रगढ़। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाढोत में शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान नेत्र सहायक संजीव एवं आरबीएसके टीम के डॉ. गौतम यादव ने कक्षा नौवीं से 12वीं तक के लगभग 92 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की। गणित प्रवक्ता सतनसिंह ने बताया कि इस जांच शिविर के दौरान बच्चों में दृष्टि दोष, कलर ब्लाइंडनेस तथा अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान की गई।



दिल्ली महारैली को लेकर सिहमा में कांग्रेस की बैठक

मंडी अटेली। दिल्ली के रामलीला मैदान में कल एक नवंबर को आयोजित होने वाली कांग्रेस की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को लेकर सिहमा ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं, जिसको लेकर शुक्रवार को सिहमा में कांग्रेस सिहमा ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस केसीसी के जिला अध्यक्ष राजन यादव ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं को महारैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया और रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

20 नवंबर तक दर्ज कर सकते हैं दावे-आपत्तियां

नारनौल। हरियाणा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अब नागरिक 20 नवंबर 2026 तक अपने दावे और आपत्तियां दे सकेंगे। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने बताया कि 1 जुलाई को अर्हता तिथि मानकर चल रहे पुनरीक्षण का नया कार्यक्रम तय किया गया है। इस फैसले की जानकारी सभी संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है।

आठ दिवसीय जिलास्तरीय बाल-महोत्सव प्रतियोगिताएं

सातवें दिन जिलेभर के 55 स्कूलों के 550 विद्यार्थियों ने दिखाई कला और प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाल भवन में आयोजित किए जा रहे आठ दिवसीय जिला स्तरीय बाल-महोत्सव प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के सातवें दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय बाल महोत्सव के सातवें दिन जिलेभर के 55 स्कूलों के लगभग 550 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को 14 नवम्बर 2026 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह में उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसी श्रृंखला में 31 अक्टूबर को फैंसी ड्रैस (प्रथम ग्रुप), बेस्ट ड्रामेबाज़ (प्रथम व द्वितीय ग्रुप) और मेंहदी रचाओ (तृतीय व चतुर्थ ग्रुप) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग ऑन द स्पॉट और रंगोली प्रतियोगिताओं में सुमन लता (पीजीटी कला, निवाजनगर), सीमा कुमारी (पीजीटी कला, मंढाणा), प्रमिला जाखड़ (ड्राइंग टीचर, पटीकरा), रणवीर सिंह (ड्राइंग टीचर, हुडिना), संजय सोनी (ड्राइंग टीचर, बाछौद) और हिमांशु (ड्राइंग टीचर, नांगल दर्गू) ने निर्णायक की भूमिका निभाई। फन गेम्स (बायज व गर्ल्स) में डॉ. कुसुम लत्ता (प्रवक्ता संगीत, मंढाणा), डॉ. पंकज गौड़ (प्रवक्ता, धौलेड़ा) और डॉ. ममता शर्मा (प्रवक्ता, राजकीय कन्या महाविद्यालय नारनौल) ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस मौके पर पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा, बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य डॉ. पंकज गौड़, कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार, नशा मुक्ति केन्द्र के परियोजना निदेशक रोहताश सिंह रंगा आदि मौजूद थे।





प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

प्रतियोगिताओं के परिणाम

फन गेम्स बायज (तृतीय ग्रुप) में : यदुवंशी स्कूल नारनौल के नवदीप यादव ने प्रथम, आरपीएस महेंद्रगढ़ के धैर्य दधीच ने द्वितीय तथा हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेंद्रगढ़ के मानव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सूरज स्कूल महेंद्रगढ़ के ललित को सांत्वना (प्रथम) व भारती पब्लिक स्कूल नारनौल के यश को सांत्वना (द्वितीय) पुरस्कार मिला।

फन गेम्स गर्ल्स (तृतीय ग्रुप) में: आरपीएस महेंद्रगढ़ की अन्नु सांगवान ने प्रथम, हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेंद्रगढ़ की वंशिका ने द्वितीय एवं सीएल स्कूल की विनिता ने तृतीय स्थान हासिल किया। यदुवंशी सतनाली की दिशु ने सांत्वना (प्रथम) तथा भारती पब्लिक स्कूल नारनौल की हितांशी ने सांत्वना (द्वितीय) स्थान पाया।

पोस्टर मेकिंग (द्वितीय ग्रुप) में: एमएएसडी स्कूल नारनौल के कुशाग्र प्रथम, यदुवंशी नारनौल के यक्षित द्वितीय तथा आरपीएस कनीना की जिया तृतीय स्थान पर रहीं। यूरो इंटरनेशनल स्कूल कनीना की हिमानी को सांत्वना (प्रथम) एवं श्रीओम साईं राम स्कूल महेंद्रगढ़ की दिशा को सांत्वना (द्वितीय) स्थान मिला।

पोस्टर मेकिंग (तृतीय ग्रुप) में: श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ की यंशु ने प्रथम, हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेंद्रगढ़ की यशिता ने द्वितीय और श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका की पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यदुवंशी स्कूल नारनौल की चहक को सांत्वना (प्रथम) व आरआरसीएम स्कूल कनीना की महक सांत्वना (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर मैकिंग (चतुर्थ ग्रुप) : प्रतियोगिता में यदुवंशी नारनौल के कालिंद ने प्रथम, आरपीएस स्कूल कनीना की इशिता ने द्वितीय, हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेन्द्रगढ़ की वृन्दा ने तृतीय, सरस्वती विद्या मन्दिर स्कूल नांगल चौधरी की जसमित ने सांत्वना (प्रथम) व यूरो इंटरनैशनल स्कूल कनीना की सोनाक्षी ने सांत्वना (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया।

स्केचिंग आन द स्पॉट (द्वितीय ग्रुप) : प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ़ की सनाया ने प्रथम, आरपीएस स्कूल कनीना की आरवी गुप्ता ने द्वितीय, रामचन्द्र पब्लिक स्कूल कनीना की पायल ने तृतीय, एमएएसडी स्कूल नारनौल के जयेश ने सांत्वना (प्रथम) व द वेदांता इंटरनैशनल स्कूल नारनौल के अभि राव ने सांत्वना (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया।

स्केचिंग आन द स्पॉट (तृतीय ग्रुप) : प्रतियोगिता में यदुवंशी स्कूल महेन्द्रगढ़ के पीयूष भागोलिया ने प्रथम, एमएएसडी स्कूल नारनौल की नंदिनी ने द्वितीय, आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ़ के तनिष शर्मा ने तृतीय, आरपीएस स्कूल कनीना के क्षितीज यादव ने सांत्वना (प्रथम) व भारती पब्लिक स्कूल नारनौल के सक्षम सांत्वना (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया।

स्केचिंग आन द स्पॉट (चतुर्थ ग्रुप) : प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ़ के जतिन वर्मा ने प्रथम, हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेन्द्रगढ़ के ओमकार ने द्वितीय, आरपीएस स्कूल कनीना के हर्षित ने तृतीय, आरपीएस स्कूल नारनौल के नमन ने सांत्वना (प्रथम) व सूरज स्कूल नारनौल की गुंजन ने सांत्वना (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया।

भारत को जानो प्रतियोगिता में मॉडर्न स्कूल का रहा सराहनीय प्रदर्शन



महेंद्रगढ़। आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलाना में आयोजित भारत को जानों प्रतियोगिता में मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के गौरवशाली इतिहास, भारतीय संस्कृति, परंपराओं, भूगोल, संविधान तथा राष्ट्रीय विरासत के प्रति जागरूक करना है। इस प्रतियोगिता में हमारे स्कूल के छात्र हितेंद्र पुत्र महेश कुमार तथा छात्रा सुहाना पुत्री सतीश कुमार ने अपनी प्रतिभा, ज्ञान और आत्मविश्वास का परिचय दिया। चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर मिलता है। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने हितेंद्र और सुहाना को बधाई दी।

नगर परिषद के गठन के बाद का अब सबसे बुरा कार्यकाल : लोकेश

नारनौल। नगर पालिका से नगर परिषद के गठन के बाद का सबसे बुरा कार्यकाल होने का रिकॉर्ड अब बनने जा रहा है। नगर परिषद की चेयरपर्सन ने अपने कार्यकाल मे ऐसी कोई उपलब्धि भरा कार्य नहीं किया। नारनौल शहर के



लिए कोई बड़ा काम तो छोड़ो आमजन के छोटे मोटे कार्यों के लिए भी जनता परेशान होने पर मजबूर हो रही है। यह आरोप युवा कांग्रेस के पूर्व मीडिया प्रभारी लोकेश गांधी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लगाया है। कहने को तो सीएम की बहन होने का दावा भी इलाके भर गूंजता है, पर जैसे ही विकास का नाम आता है तो पूरे हरियाणा मे सबसे पीछे अगर कोई शहर है तो नारनौल की गिनती होती है। वैसे इलाके की चारों पालिकाएं अपनी अनदेखी होने के कारण बहुत बार चर्चा में आए, लेकिन नगर परिषद विकास कार्यों के साथ साथ बेलगाम अफसरसाही और भ्रष्टाचार के लिए भी चर्चा में रही। आम जनता की बात तो बहुत दूर की बात है नगर परिषद नारनौल अपने कर्मचारियों व अधिकारियों तक की परेशानी या परिषद के ठेकेदारों तक की परेशानी दूर नहीं कर पा रही है। नारनौल की जनता ने पूरे हरियाण मे सबसे बड़ी जीत दिलाकर उनको प्रधान बनाया था। अक्सर उनके मुंह से बहुत बार सुना गया कि मेरी चलती नहीं है, ऐसा कौन सा गुनाह नारनौल की जनता ने किया कि वो मूल भूत सुविधाओं के लिए भी पूरे कार्यकाल मे ही परेशान रहे। नारनौल की जनता अपने इस अपमान और जो परेशानी उन्होंने इन साढ़े चार साल तक झेली है, आने वाले समय मे इनका पूरा हिसाब किताब यहां की जनता जरूर करेगी।

आरपीएस में सुरक्षित बचपन अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण नारनौल के तत्वावधान में बुधवार को आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ में पैन इंडिया स्कूल अभियान के तहत एक विशेष कानून जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय गुड टच बनाम बैड टच एवं पॉक्सो एक्ट 2012 रहा, जिसके माध्यम से बच्चों को अपने अधिकारों, सुरक्षा और सही-गलत स्पर्श की पहचान के प्रति जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में चेयरपर्सन डॉक्टर पवित्रा राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने न्यायिक अधिकारियों का स्वागत किया। अतिरिक्त सिविल जज वरिष्ठ मंडल महेंद्रगढ़ विक्रांत ने बच्चों को यौन अपराधों से बाल संरक्षण अधिनियम की बारीकियों से अवगत कराया। बच्चों की सुरक्षा समाज की पहली प्राथमिकता है। बच्चों को यह समझना बेहद जरूरी है कि यदि कोई उनके साथ असहज या गलत व्यवहार करता है, तो वे बिना किसी डर के तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या कानूनी मंचों पर इसकी शिकायत दर्ज कराएं। सिविल जज कनिष्ठ मंडल महेंद्रगढ़ परमिंद्र सिंह ने कहा कि अपने शरीर पर केवल आपका अधिकार है। यदि कोई भी व्यक्ति आपको असुरक्षित या असहज महसूस कराता है, तो चुप रहने के बजाय 'ना' कहना सीखें और तुरंत मदद मांगें।

डीएलएसए प्रतिनिधि सुशीला ने जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण की जानकारी दी। ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने भी अपने विचार रखे।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र में लाइव प्रसारण किया

महेंद्रगढ़। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशालय के सौजन्य से हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र रिवासा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रव्यापी पीएम किसान सम्मान निधि हस्तांतरण समारोह का सीधा प्रसारण लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया, जिसमें क्षेत्र के 43 किसानों एवं पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम संयोजक एवं केंद्र के विस्तार विशेषज्ञ डेयरी डॉ. योगेंद्र यादव ने किसानों को अवगत कराया कि बनासकांठा (गुजरात) से प्रसारित इस मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त के तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में 18,680 करोड़ से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण किया है।

बच्चों को सिखाए सुरक्षा के अधिकार, गलत व्यवहार पर आवाज उठाने का दिया संदेश

- पोस्को एक्ट, गुड टच-बैड टच और साइबर अपराधों पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने, उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा लैंगिक अपराधों से संरक्षण के उद्देश्य से श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भुंगारका में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन डॉ. रितु वाईके बहल के दिशा-निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों से कहा कि पोस्को अधिनियम-2012, गुड टच-बैड टच, बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन राजपाल यादव, उप प्राचार्य संदीप खैरवाल और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



नारनौल। बच्चों को संबोधित करती मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी।

हरियाणा स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक



नारनौल। नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विक्रमजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, सुरक्षा तथा विभिन्न सामाजिक बुराइयों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव एवं डीन मनोज भारद्वाज ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। संस्था के एमडी डॉ. हितेश वर्मा, निधि वर्मा एवं निदेशक पुष्कर मल वर्मा ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

मॉडर्न स्कूल में स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से हुई गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल चामधेड़ा रोड में शुक्रवार को मिडिल विंग में स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन भूपेंद्र सैनी के नृतत्व में किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान गणित प्रवक्ता मुकेश पाथेड़ा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई, जबकि अमन ने स्कोरर तथा राखी खुशवाह ने टाइमकिपर की भूमिका बखुबी निभाई।

प्रतियोगिता का आयोजन पांच रोमांचक राउंड में किया गया। इसमें विद्यालय के चारों हाउस से तीन-तीन टीमें बनाई गईं। प्रत्येक राउंड में विद्यार्थियों से गणित से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए।

चेयरमैन सतन सिंह एवं प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं विषय की बेहतर समझ विकसित करने में सहायक होती हैं। इस मौके पर मिडल विंग का समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित था।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ये रहे विजेता

प्रतियोगिता के परिणाम में टीम बी के प्रिंस, लवली, छवि एवं दक्ष की टीम ने 220 अंक प्राप्त कर प्रथम, टीम एच के विराट, धैर्य, ललिता एवं प्रिंस की टीम ने 210 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा टीम सी के तनवी, रिया सैनी, दीक्षित एवं धवन की टीम ने 200 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

कनीना की एसडीजेएम ने विद्यार्थियों को किया जागरूक



कनीना। बाल सुरक्षा और बच्चों के कानूनी अधिकारों को लेकर चलाए जा रहे सुरक्षित बचपन अभियान के तहत उपमंडल कनीना के निजी स्कूल में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में कनीना न्यायालय की उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. प्रियंका जैन ने मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों को कानूनी व व्यक्तिगत सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। श्रीमति जैन ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उन्हें एक सुरक्षित, भयमुक्त माहौल देना समाज व प्रशासन की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, बाल श्रम निषेध कानून तथा बाल विवाह रोकथाम से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. जैन ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के अंतर को समझाते हुए कहा कि किसी भी अप्रिय या असहज स्थिति में चुप रहने के बजाय तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा विश्वसनीय व्यक्ति को सूचित करें। आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन,1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के बारे में बताया और कहा कि संकट के समय इन नंबरों पर बिना किसी झिझक के संपर्क कर मदद ली जा सकती है।

कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम



महेंद्रगढ़। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किसानों व महिलाओं के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव मुख्यातिथि व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की उपनिदेशक डा. नेहा चौधरी विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कंवर सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की जा रही है जिसमें 9.34 करोड़ से अधिक किसानों को अठारह हजार छः सौ नब्बे करोड़ से अधिक की राशि जारी की जाएंगी। उपनिदेशक डॉ. नेहा चौधरी बताया कि जिला महेंद्रगढ के 90800 पात्र किसान 18.16 करोड़ की धनराशि सीधे खाता में आने से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि ईकेवासी के आभाव में जिला के 4710 किसान इस योजना के लाभ से वंचित रहेंगे।

पुलिस लाइन नारनौल में हथियारों की प्रदर्शनी एवं निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया

पुलिस शहीदी दिवस : शहीद पुलिस कर्मी के बलिदान को किया याद

हथियारों की कार्यप्रणाली एवं सुरक्षित संचालन के संबंध में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस शहीदों की स्मृति में जिला पुलिस महेंद्रगढ़ द्वारा 21 से 31 अक्टूबर तक पुलिस शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य वीर शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं बलिदान को नमन करने के साथ-साथ पुलिस जवानों में सेवाभाव, अनुशासन एवं कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के दिशा-निर्देशानुसार आज 30 अक्टूबर को पुलिस लाइन नारनौल में हथियारों की प्रदर्शनी एवं निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस जवानों को विभिन्न हथियारों की कार्यप्रणाली एवं उनके सुरक्षित संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य जांच की।



नारनौल। महिला पुलिस कर्मी के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

इसके साथ ही पुलिस लाइन नारनौल में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सामान्य अस्पताल नारनौल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर का उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय पर चिकित्सकीय जांच एवं उचित परामर्श के महत्व से अवगत कराना रहा। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस केवल वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी विषम परिस्थितियों में भी समाज की सुरक्षा के लिए निरंतर तत्पर रहते हैं।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला सराय–नारनौल के दो कमरों व बरामदा जिसकी चार दीवारी के साथ लगती दीवार को छोडकर को तुडवाया जाना है। इस कार्य के लिए बोली की तिथि दिनांक 13.11.2026 को प्रातः 10.00 बजे नियत की जाती है। इच्छुक बोलीदाता नियत तिथि व समय पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकता है। नियम व शर्तें उपस्थित बोली दाता को मौके पर बताई जाएगी। अंतिम निर्णय स्कूल एसएमसी का होगा, जो कि सभी के लिए मान्य होगा।

मुख्य शिक्षिका
रा. प्रा. पाठशाला सराय नारनौल

खबर संक्षेप

बाजरे की खरीद के लिए संशोधित शेड्यूल जारी

नांगल चौधरी। खरीफ सीजन की खरीद को सुचारु एवं सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए नांगल चौधरी नई अनाज मंडी में जिन किसानों ने अपना बाजरा नहीं बेचा है, उन बचे हुए किसानों को बाजरा बेचने के लिए गांवों का संशोधित शेड्यूल जारी किया गया है।

नांगल चौधरी मार्केट कमेटी के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि मंडी में खरीद कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए कार्यालय मार्केट कमेटी नांगल चौधरी द्वारा गांवों का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी किया गया है।

सुरजनवास में होगा बैडमिंटन टूर्नामेंट

महेंद्रगढ़। हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में गांव सुरजनवास में एक नवंबर को भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

आयोजनकर्ता सतीश खैरवाल व सरपंच संजय ने बताया कि टूर्नामेंट में डबल्स श्रेणी केवल लड़के में मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक कंवर सिंह यादव द्वारा किया जाएगा। समापन समारोह में जिला प्रमुख राकेश मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक समिति चेयरपर्सन विजय लक्ष्मी, सुंडाराम ट्रस्ट अध्यक्ष संदीप मालड़ा व सरपंच प्रवीण कुमार मौजूद रहेंगे। टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर 11 हजार रुपये, द्वितीय पर 7100 रुपये और तृतीय स्थान पर 5100 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 500 रुपये रखा गया है।

पटेल की जयंती पर आज रन फॉर यूनिटी

नारनौल। भारत के लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के मुख्य वास्तुकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर नारनौल में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव मुख्य अतिथि होंगी। रन के शुभारंभ से पहले उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद मुख्य अतिथि आईटीआई मैदान से हरी झंडी दिखाकर रन को रवाना करेंगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पहुंचेगी। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने दी।

जिला पुलिस महेंद्रगढ़ की बड़ी उपलब्धि

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार की अगुवाई में साइबर सेल ने की प्रभावी कार्रवाई

इस साल 52 लाख कीमत के 260 गुमशुदा मोबाइल व अक्टूबर में 6.14 लाख रुपये कीमत के 30 स्मार्टफोन किए बरामद

- डीएसपी भारत भूषण ने अक्टूबर में बरामद 30 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपते डीएसपी भारत भूषण।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार की अगुवाई में साइबर सेल ने आधुनिक तकनीक, तकनीकी दक्षता व निरंतर प्रयासों के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। साइबर सेल ने इस साल 2026 में जनवरी से अक्टूबर माह तक कुल 260 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल अनुमानित बाजार कीमत करीब 52 लाख रुपये है। इन मोबाइल फोन को समय-समय पर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया गया है। इसी कड़ी में अक्टूबर माह के दौरान साइबर सेल ने विभिन्न कंपनियों के 30 गुमशुदा स्मार्टफोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग छह लाख 14 हजार रुपये है। इन 30 मोबाइल फोन को डीएसपी मुख्यालय भारत भूषण द्वारा उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। बरामद मोबाइल फोन में विभिन्न कंपनियों के महंगे एंड्रॉयड स्मार्टफोन एवं आईफोन भी शामिल हैं। पुलिस साइबर सेल की ओर से गुमशुदा मोबाइल फोन की तलाश के लिए आधुनिक तकनीकी संसाधनों, तकनीकी विश्लेषण और भारत सरकार के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल की सहायता ली जा रही है। इस पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा अथवा चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने और उनकी ट्रैकिंग में सहायता मिलती है।

साइबर सेल की टीम लगातार तकनीकी जानकारी का विश्लेषण कर मोबाइल फोन का पता लगाने और उन्हें बरामद करने के लिए प्रयासरत है। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप जनवरी से अक्टूबर 2026 तक कुल 260 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन मोबाइल फोन को अलग-अलग अवसरों पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, डीएसपी डॉ. कविता तथा डीएसपी मुख्यालय भारत भूषण द्वारा उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया है। इस सराहनीय उपलब्धि में साइबर सेल इंचार्ज एएसआई बलजीत के नेतृत्व में सिपाही प्रदीप, विकास, संजीत, अंकित, मिंकू एवं हिमांशु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सीईआईआर पोर्टल के जरिए मोबाइल करें ब्लॉक

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि मोबाइल फोन गुम होने अथवा चोरी होने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत आवश्यक कदम उठाएं। सबसे पहले संबंधित पुलिस थाने में सूचना दें तथा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन को ब्लॉक करने का अनुरोध दर्ज करें। इस पोर्टल की सहायता से मोबाइल के दुरुपयोग को रोकने और उसकी तलाश में मदद मिल सकती है। उन्होंने बताया कि सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल ब्लॉक करने के लिए मोबाइल का आईएमईआई नंबर, मोबाइल नंबर व आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देनी होती है। मोबाइल फोन मिलने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उसे अनब्लॉक भी करवाया जा सकता है।

मार्केट कमेटी की बैठक में चार अहम प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित, पुराने क्वार्टरों के पुनर्निर्माण व सब्जी मंडी में सीसीटीवी लगाने का भी निर्णय

अब खुली बोली से होगी फसल की खरीद, मंडी गेट पर लगेगा धर्मकांटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। मार्केट कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते चेयरमैन बाबूलाल यादव।

किसानों को उनकी फसल का उचित भाव और सही वजन दिलाने के लिए नांगल चौधरी रोड स्थित अनाज मंडी में अब फसलों की खरीद खुली बोली के माध्यम से करवाई जाएगी। इसके साथ ही मंडी के मुख्य गेट पर धर्मकांटा लगाया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को चेयरमैन बाबूलाल यादव की अध्यक्षता में हुई मार्केट कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में किसानों और मार्केट कमेटी के हित से जुड़े चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंडी में किसान जब भी अपनी फसल लेकर आएगा तो व्यापारी सीधे उसकी फसल नहीं खरीद सकेगा। मार्केट कमेटी के कर्मचारी की मौजूदगी में व्यापारियों से फसल की खुली बोली करवाई जाएगी और बोली छूटने के बाद ही व्यापारी फसल खरीद सकेगा। इससे किसानों को अपनी फसल का बेहतर भाव मिलने की संभावना रहेगी। साथ ही मार्केट कमेटी को निर्धारित फीस भी पूरी तरह प्राप्त हो सकेगी।

किसानों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा

बैठक में मंडी के मुख्य गेट पर धर्मकांटा लगाने का भी निर्णय लिया गया। इससे किसानों को फसल का वजन कराने के लिए मंडी से बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें वजन के लिए अतिरिक्त शुल्क भी नहीं देना होगा। मंडी में ही फसल का सही वजन होने से गेटपास में दर्ज वजन को लेकर होने वाले विवाद की संभावना भी कम होगी।

नए भवन के लिए मांगा जाएगा बजट

शहर की पहाड़ी पर स्थित दूरदर्शन केंद्र के पास मार्केट कमेटी की जमीन पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पुराने क्वार्टर बने हुए हैं। ये क्वार्टर काफी पुराने और कंडम स्थिति में पहुंच चुके हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इनका पीडब्ल्यूडी से सर्वे करवाकर कंडम रिपोर्ट ली जाएगी। इसके बाद पुराने भवनों को गिराकर नए क्वार्टरों के निर्माण के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजकर बजट की मांग की जाएगी।

सब्जी एवं फल मंडी में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे: अनाज मंडी परिसर में बनी सब्जी एवं फल मंडी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। इससे मंडी परिसर की गतिविधियों पर निगरानी रखने में मदद मिलेगी।

यह रहे मौजूद : बैठक में कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव नुकुल यादव, वाइस चेयरमैन सुरेश चौधरी के अलावा सदस्य बद्रीप्रसाद गर्ग, बनवारी लाल सैनी, विजय सिंह, सुशील चौटाला, सतीश वाल्मीकि, पवन यादव, कैलाश जांगिड़, अजीत सलूनी, राजकुमार मित्तल, जयसिंह सैनी, सत्यवीर जोगी, राजेश सेका एवं बलवंत सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बरसात के साए में मंडी पहुंच रहा बाजरा, टीनशेड पड़े कम



नारनौल। मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा बाजरा। फोटो : हरिभूमि

नारनौल। नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप बनी अनाज मंडी में बाजरे की आवक लगातार जारी है, लेकिन बदलते मौसम ने किसानों और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। मंडी में बने दोनों टीनशेड पहले ही खरीदे जा चुके बाजरे से भरे पड़े हैं। ऐसे में नई आवक का कुछ बाजरा खुले आसमान के नीचे रखने की स्थिति बन रही है। मौसम खराब होने की आशंका को देखते हुए अब मंडी पहुंचने वाले किसान खुद ही घर से तिरपाल व अन्य बचाव के साधन लेकर आ रहे हैं। हालांकि मार्केट कमेटी का कहना है कि अब तक किसी किसान का बाजरा बरसात में नहीं भीगा है।

दोनों टीनशेड बाजरे से भरे, खुले में रखे कट्टों को तिरपाल से ढक कर बचाया

गुरुवार शाम करीब सात बजे हुई बरसात के दौरान मंडी में किसानों से खरीदा जा चुका बाजरा कट्टों में भरा हुआ था। टीनशेड में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कुछ कट्टे बाहर खुले में रखे थे। व्यापारियों ने इन्हें तिरपाल से ढक रखा था। बरसात से कट्टे भीगे, लेकिन व्यापारियों के अनुसार बाजरे को नुकसान नहीं हुआ। प्लास्टिक के कट्टों में पानी अंदर नहीं जाने के कारण बाजरा सुरक्षित रहा। उनका यह भी कहना है कि खरीदा गया बाजरा मुर्गीदाने के अलावा बीयर फैक्ट्रियों में भेजा जा रहा है, इसलिए मामूली नमी या रंग बदलने से उन्हें बड़ा नुकसान नहीं होगा।

आवक बढ़ी तो टीनशेड की जरूरत महसूस हुई: मंडी में बाजरे की लगातार आवक के मुकाबले उपलब्ध टीनशेड कम पड़ रहे हैं। इससे किसानों की फसल को मौसम से बचाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की जरूरत महसूस की जा रही है। व्यापारियों के पास खुद के पर्याप्त भंडारण गोदाम नहीं होने के कारण कुछ व्यापारियों ने एल-1 तथा व्यापारी सुरेश चौधरी के गोदाम किराये पर लिए हैं।

एनएच के बरसाती पानी से किसानों की फसल बर्बाद



मंडी अटेली। धन्नौदा के खेतों में भरा पानी दिखाते किसान। फोटो : हरिभूमि

- 10 एकड़ जमीन हुई है प्रभावित, पांच साल से बनी हुई है समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

नेशनल हाईवे-11 पर धन्नौदा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के समीप हाईवे से आने वाला बरसाती पानी उनिंदा के किसानों के खेतों में घुसने से खड़ी फसल बर्बाद हो रही है। वीरवार रात्रि को हुई बारिश के कारण सर्विस रोड़ की किनारी भी कट गई। खेतों में करीब दो-दो फुट पानी भरने से किसानों की सरसों की बिजाई एवं नव अंकुरित फसल खराब हो गई। इससे तीन-चार परिवारों की करीब 10 एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो रही है।

उनिंदा के किसान कृष्ण बोहरा, संजय गणपत, रामपाल, पप्पू व राजेंद्र आदि ने बताया कि अटेली बाईपास बनने के बाद से ही हाईवे का बरसाती पानी उनके खेतों में जमा हो रहा है। पिछले करीब पांच वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। हाईवे निर्माण के दौरान उनकी कुछ जमीन सड़क में चली गई और बची हुई जमीन में भी पानी भरने से खेती करना मुश्किल हो गया है।किसान संजय कुमार ने बताया कि उनके खेतों में सबसे अधिक पानी भरता है, जिसके कारण खरीफ और रबी दोनों फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है। बृहस्पतिवार रात हुई बारिश के बाद सरसों के बिजाई किए खेतों में दो-दो फुट तक पानी भर गया, जिससे पूरी फसल खराब होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि परिवार पूरी तरह खेती पर निर्भर है और बार-बार फसल खराब होने से आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि इस समस्या को लेकर काठूवास स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी के कार्यालय और संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। बरसाती पानी के तेज बहाव से सर्विस रोड की किनारी भी कट चुकी है।

समाधान की मांग

किसानों ने प्रशासन और सरकार से समस्या का स्थायी समाधान करवाने तथा फसल नुकसान की भरपाई करवाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें मजबूरन कड़ा कदम उठाना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद



मंडी अटेली। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनते एडीसी।

- फतेहपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने लगाए स्टाल, मौके पर दिया योजनाओं का लाभ

मंडी अटेली। हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश अनुसार शुक्रवार को अटेली खंड के गांव फतेहपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरियां ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। एडीसी तथा डीएसपी भारत भूषण ने नागरिकों से सीधा संवाद किया।

इस मौके पर विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर सरकार की योजनाओं तथा सेवाओं की जानकारी दी और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सांस्कृतिक मंडली ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य तथा आयुष विभाग की ओर से नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा मुफ्त में दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर सेवा विभाग की ओर से विभिन्न पेंशन 10 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

नागरिकों को संबोधित करते हुए एडीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि नागरिकों के घर द्वार पर जाकर उनकी समस्याएं सुनी जाएं तथा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। इसी कड़ी में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

महेंद्रगढ़ प्रीमियर लीग में आज होंगे निर्णायक मुकाबले

नारनौल। महेंद्रगढ़ प्रीमियर लीग सीजन 1 में शनिवार को सुबह 10 बजे क्वालीफायर 1 का मुकाबला महेंद्रगढ़ पैंथर्स और तलवाना सुपर किंग्स के मध्य खेला जाएगा। इस मुकाबले में जीतने वाली टीम फाइनल में प्रवेश कर जाएगी। वहीं इलिमेनटर मुकाबले में सुपर स्ट्राइकर खोड़ और जाट स्ट्राइकर्स आमने सामने होंगे यह मुकाबला दोपहर 2 बजे खेला जाएगा। महेंद्रगढ़ प्रीमियर लीग करीब दो महीने से बाबा जयरामदास खेल मैदान पाली में आयोजित करवाई जा रही है जो अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच चुकी है। यह लीग आईपीएल की तर्ज पर करवाई जाने वाली जिले महेंद्रगढ़ की सबसे बड़ी लीग है। क्वालीफायर 1 में जीतने वाली टीम सीधा फाइनल में प्रवेश कर जाएगी।

लघु सचिवालय के शौचालयों में पसरी गंदगी, आमजन परेशान

महेंद्रगढ़। स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में प्रशासनिक दावों और स्वच्छता अभियानों की पोल खुलती नजर आ रही है। यहां बने सार्वजनिक शौचालयों में व्याप्त गंदगी और बदइंतजामी के कारण दूर-दराज से आने वाले आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लघु सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

लघु सचिवालय में तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, पुलिस और अन्य कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक विभाग स्थित हैं। अपने कार्यों के सिलसिले में रोजाना सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और



महेंद्रगढ़। लघु सचिवालय के शौचालयों में पसरी गंदगी का दृश्य।

शहरी लोग यहां पहुंचते हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल होते हैं। दिनभर यहां लोगों का तांता लगा रहता है, लेकिन परिसर में आने वाले लोगों के लिए सुलभ शौचालय किसी बड़ी मुसीबत से कम साबित नहीं हो रहे हैं। रखरखाव के अभाव में शौचालयों की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। शौचालयों के भीतर साफ-सफाई न होने के कारण वहां भारी गंदगी जमा हो गई है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल में धरोहर राशि को लेकर वित्तीय गड़बड़ी की आशंका

- ककराला के सेवानिवृत कर्मचारी ने अधिकारियों पर जड़े आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल अटेली में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान ठेकेदारों द्वारा जमा कराई जाने वाली धरोहर राशि से जुड़े लेन-देन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी प्रमोद शर्मा ककराला ने विभाग की कार्यप्रणाली और वित्तीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत विस्तृत ब्योरा मांग कर सरकारी राशि का दुरूप्योग करने तथा भ्रष्टाचार फैलाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की



कनीना। पत्रकारों को जानकारी देते प्रमोद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है।

उन्होंने शुक्रवार को कनीना में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि जनसूचना अधिकारी सह कार्यकारी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल, अटेली को आवेदन भेजकर इस संदर्भ में जानकारी मांगी थी। उन्होंने बताया कि आवेदन पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर-3, नारनौल के कार्यकारी अभियंता कार्यालय की मुहर अंकित है। उन्होंने बीती 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2025 तक की अवधि के दौरान धरोहर राशि से संबंधित तीन प्रमुख बिंदुओं पर बिंदुवार जानकारी मांगी है। उक्त समय अवधि में कितने ठेकेदारों की धरोहर राशि सरकारी खजाने में जमा करवाई गई? किसी एक ठेकेदार के एक ही कार्य के लिए एक से अधिक चेक सरकारी खजाने में जमा कराने तथा धरोहर राशि के चेक काटने वाले संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम तथा एक कार्य के लिए जारी किए गए एक से अधिक चेकों की संख्या की जानकारी मांगी गई।

विवाद अंतिम मतदाता सूची तय प्रावधानों के अनुसार तैयार न करने का लगा है आरोप

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई मामले की सुनवाई

श्री रामलीला परिषद की सदस्यता सूची की दोबारा होगी जांच, चुनाव पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

श्री रामलीला परिषद की सदस्यता सूची एवं चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विवाद में राज्य रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज, हरियाणा ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। राज्य रजिस्ट्रार ने सदस्यता सूची पर उठाई गई आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए मामले को जिला रजिस्ट्रार, फर्म्स एंड सोसायटीज के पास वापस भेज दिया है। साथ ही, हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटीज एक्ट, 2012 तथा संस्था के उपनियमों के अनुसार पूरी सदस्यता सूची और संबंधित दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। राज्य रजिस्ट्रार सतीश कुमार सिंघला एचसीएस द्वारा 29 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश के अनुसार, अपील संख्या 260/2026 में अपीलकर्ताओं ने जिला रजिस्ट्रार महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल द्वारा 27 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई, जिसमें अपीलकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता प्रतीक राठी एवं अधिवक्ता आशुतोष सिंह तथा अपीलकर्ता अतुल दीवान, रामचंद्र जांगड़ा, राजेश कुमार उपस्थित रहे।



श्री रामलीला परिषद

सदस्यता सूची की वैधता पर उठाए गए थे सवाल

आदेश में उल्लेख किया गया है कि विवाद का मुख्य विषय संस्था की सदस्यता और मतदाता सूची की वैधता है। अपीलकर्ता की ओर से यह आपत्ति उठाई गई कि अंतिम मतदाता सूची हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटीज एक्ट 2012 तथा संस्था के उपनियमों के प्रावधानों के अनुसार तैयार नहीं की गई। साथ ही, जांच अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ऐसे व्यक्तियों को भी मतदाता सूची में शामिल किए जाने का आरोप लगाया गया, जिनकी सदस्यता की वैधता पर सवाल हैं। अपीलकर्ता ने सदस्यता रिकॉर्ड और संबंधित दस्तावेजों का उचित सत्यापन किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। राज्य रजिस्ट्रार ने इन दलीलों को ध्यान में रखते हुए पूरे मामले की दोबारा जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

जांच और सत्यापन की जिम्मेदारी जिला रजिस्ट्रार को

राज्य रजिस्ट्रार ने अपील का निपटारा करते हुए संबंधित पक्षों को आदेश की सूचना देने के निर्देश दिए हैं। अब जिला रजिस्ट्रार द्वारा सदस्यता रिकॉर्ड की जांच और सत्यापन के बाद ही वैध सदस्यता सूची को अंतिम रूप दिया जाना है। इस आदेश से श्री रामलीला परिषद महेंद्रगढ़ की सदस्यता सूची और चुनाव प्रक्रिया विवाद में अगली कार्रवाई का रास्ता स्पष्ट हुआ है।

जांच के बाद तैयार होगी वैध सदस्यता सूची

राज्य रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि संस्था के संपूर्ण सदस्यता रिकॉर्ड तथा उससे संबंधित दस्तावेजों की जांच और सत्यापन किया जाए। इसके बाद हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटीज एक्ट 2012 तथा संस्था के उपनियमों के अनुरूप वैध सदस्यों की सूची तैयार की जाए। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती और वैध सदस्यता सूची को अंतिम रूप नहीं दे दिया जाता, तब तक संस्था की चुनाव प्रक्रिया स्थगित रहेगी। इसका उद्देश्य आगामी चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005